3, 71, 438
प्रसारण संख्या का विश्व कीर्तिमान रचने वाली
भारत की एकमात्र बाल पत्रिका

सर्वाधिक प्रसारित हिन्दी बाल मासिक
देवपुत्र

चुटकुले

✷ अर्जुन कछावा

संदीप - दुनिया में कोई भी काम असम्भव नहीं है।
सीमा - अच्छा ! तो फिर आकाश से तारे तोड़ लाओ।
संदीप - अभी तो रात है दिन में तोड़ ले लाऊँगा।

पिता बेटे से - जानते हो तुम्हारी पढ़ाई में कितना खर्च होता है।
बेटा - हाँ, पिताजी इसलिए तो मैं थोड़ा ही पढ़ता हूं।

✷ तिलक राजसिंह पंवार

पुत्र - पिताजी मुझे ढोलक ला दो।
पिता - नहीं, तुम ढोलक बजा-बजाकर किसी को चैन नहीं लेने दोगे।
पुत्र - पिताजी! जब सब सो जाएगे तभी बजाऊँगा।

शिक्षक- बताओ बच्चो! गाय और ग्वाले में क्या अन्तर है?
विद्यार्थी - गाय शुद्ध दूध देती है, और ग्वाला मिलावटी दूध देता है।

भिखारी एक सज्जन से रोज २ रू. मांगता था लेकिन एक दिन वह ३ रू. मांगता है।
सज्जन बोले - क्यों, तुम रोज २ रू. मांगते थे आज ३ रू. क्यों?
भिखारी- महँगाई भत्ते की सरकार ने वृद्धि कर दी है। इसलिए मँहगाई भत्ता जोड़कर मांगता हूँ।